Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार सच का साथी दिनांक 20-02-2022 अंक 147

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## रूपेश हत्याकांड की जांच करने पहुंचे केंद्रीय बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष जांच अधिकारियों एवं पीड़ित परिवार से की अलग अलग पूछ ताछ

### पीड़ित परिवार स्थानीय जांच एजेंसी से नही है संतुष्ट, आयोग ने न्याय का दिया भरोसा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



प्रेस को जानकारी देते केंद्रीय बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष

रूपेश हत्याकांड की जांच करने रविवार को केंद्रीय बाल आयोग के अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो बरही पहुंचे। धनबाद रोड स्थित शीतल विहार होटल में रूपेश हत्याकांड की घटना एवं उनकी जांच से संबंध रखने वाले डीसी आदित्य आनंद, एसपी मनोज रत्न चौथे, एसडीपीओ नाजीर अख्तर, पर्यवेक्षण पदाधिक. ारी बड़कागांव एसडीपीओ अमित कुमार सिंह के अलावे पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर्स एवं घटना के बाद इलाज करने वाले डॉक्टर्स से अलग अलग पूछ ताछ कर जानकारी ली। घटना के बाद पुलिस की कार्रवाई की भी जानकारी ली। मामले को लेकर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु खलको, बाल संरक्षण पदा. धिकारी संजय प्रसाद से भी घटना के बाबत जानकारी ली। सभी अधिकारीयों ने घटना के बाबत जानकारी आयोग के समक्ष रखी। शीतल विहार में अधिक. ारियों से वार्ता के बाद अध्यक्ष श्री कानूनगो पीड़ित परिवार से मिलने नई टांड पहुंचे और घटना एवं घटना के बाद पुलिसिया कार्रवाई की जानकारी ली। क्या कहा आयोग के अध्यक्ष रू केंद्रीय बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो ने पत्रकारों की जानकारी देते हुए बताया कि हमने रूपेश हत्याकांड को लेकर गहनता से जांच की। जांच अधिकारियों, पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर्स, इलाज करने वाले डॉक्टर्स से भी जानकारी प्राप्त की गई। वही पीड़ित परिवार में रूपेश की माता, पिता एवं चाचा से भी पूछ ताछ की। पूछ ताछ इस बात की जानकारी मिली कि पीड़ित परिवार स्थानीय जांच एजेंसी से संतुष्ट नही है। रूपेश हत्याकांड में शामिल 5 को छोड़कर अन्य 22 की गिरफ्तारी के लिए जो कार्रवाई करनी चाहिए थी। उसे नही किया गया। पुलिस यह नही बता पाई की 22 अन्य की गिरफ्तारी क्यों नही की गई। उनके खिलाफ कुर्की जब्ती की कार्रवाई क्यों नही की गई। यदि आरोपी फरार है तो फिर उन्हें फरार घोषित क्यों नही किया गया। कहा कि जांच में यह भी बात सामने आई कि नाबालिग गवाहों के साथ पुलिस का व्यवहार ठीक नही है। गवाहों से पूछ ताछ में यह बात सामने आई है। जब आयोग से पूछा गया कि घटना को मोबलीचिंग मानते है या नही। इस पर उन्होंने घटना को मोबलीचिंग करार दिया। उन्होंने कहा कि आयोग इस पर पूरी निगरानी रखेगा की गवाहों को किसी तरह की प्रताड़ना न हो। गवाहों एवम पीड़ित परिवार को सुरक्षा मुहैया कराने आयोग अपनी निहित शक्ति का प्रयोग करेगा। ग्रामीणों का आरोप रात में पुलिस करती है तंगरू पीड़ित परिवार की ओर से आयोग को एक ग्रामीण पिटीशन दिया गया। जिसमें बताया गया कि रूपेश हत्याकांड के बाद जिन जिन लोगों ने उन्हें सपोर्ट किया। उन्हें टारगेट कर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्राथमिक अभियुक्त बनाकर रात में आकर पुलिस ढूंढ रही है। जिसके कारण भय एवं डर का माहौल है। पीड़ित परिवार पुलिस की कार्रवाई से आहत है। मौके पर एसडीओ पूनम कुजूर, एसडीपीओ नाजीर अख्तर, अमित कुमार सिंह, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, डा० प्रकाश ज्ञानी, नीलू देवी, जितेंद्र पांडेय, अनिल पांडेय सहित मृतक के परिजन मौजूद थे।

## खोराहर में बनेगा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा : रंजीत चन्द्रवंशी

### प्रतिमा निर्माण को लेकर हुई बैठक, मेला टांड़ में प्रतिमा बनाने का लिया गया निर्णय



**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

खोराहर पंचायत के दौरवा गांव स्थित जतरा मेला टांड़ में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा निर्माण करने को लेकर बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी सुखदेव उरांव व संचालन अशोक बाड़ा ने किया। प्रतिमा निर्माण को लेकर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी रंजीत चन्द्रवंशी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा झारखंड की पहचान हैं। बरही में भगवान बिरसा मुंडा का यह पहला प्रतिमा बनेगा। भगवान बिरसा मुंडा हमसब के प्रेरणास्रोत हैं। बिरसा मुंडा के प्रतिमा निर्माण होने से युवा पीढ़ी सिख मिलेगी। समाजसेवी व खोराहर मुखिया प्रत्याशी कविता कुमारी ने प्रतिमा निर्माण को लेकर कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने महज 25 साल के उम्र में अंग्रेजों की चूल हिला दिया था, महाजन प्रथा के खिलाफ आदिवासी समाज को एकजुट कर संघर्ष किया था। उनके संघर्ष को याद करने में प्रतिमा सहायक होगा। भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी से हमसभी सीखते हैं। वहीं बिरसा मुंडा प्रतिमा निर्माण समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष मगदली बाड़ा ने कहा कि हमारे क्षेत्र में भग. वान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का निर्माण होना गर्व का विषय है। प्रतिमा निर्माण कार्य समाज के सहयोग व श्रमदान से संभव होगा। भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा मेला टांड़ में स्थापित होगा। इससे पुर्व प्रतिमा निर्माण को लेकर बैठक की गई। जहां सर्वसम्मति से प्रतिमा निर्माण को लेकर एक समिति भग. वान बिरसा मुंडा प्रतिमा निर्माण समिति बनाया गया। बैठक में मगदली बाड़ा, शीलमनी बेक, अनिता देवी, राजेश मिंज, सहदेव करमाली, पूनम देवी, अमल टोप्पो, रंजन मिंज, रीना बाग, लालमुनि मिंज, मनीष मिंज, अजय उरांव, संजय बाड़ा, महादेव बाड़ा, रंजीत मिंज, अशोक उरांव, राजेश उरांव, नांदिया तिर्की, प्रकाश लिंडा, पवन एक्का, राजमुनि देवी, सरिता देवी, बासुदेव उरांव, सुरेश उरांव और सोमा उरांव को सदस्य बनाया गया ।

## स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय ट्रस्ट की ओर से वार्षिकोत्सव पर 6 मार्च को होगा गीत संगीत नृत्य व स्पीच प्रतियोगिता का आयोजन

### स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय में शिक्षको व शिक्षा प्रेमियों के साथ बैठक, पुस्तकालय विकास पर चर्चा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय ट्रस्ट की ओर से स्वामी विवेकानंद पुस्. तकालय परिसर में शिक्षा प्रेमियों, शिक्षको एवं प्रबुद्धजनों के साथ बैठक हुई। अध्यक्षता ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष प्रो डा० संजय वर्णवाल एवं संच. ालन सचिव कृष्णा प्रजा. पति ने किया। बैठक में मुख्य रूप से उपाध्यक्ष महेंद्र प्रसाद दुबे एवं डा० संगीता चौधरी मुख्य रूप से मैजूद रही। बैठक में पुस्तकालय के संचालन, पुस्तकालय के विकास एवं पुस्तकालय के माध्यम से शैक्षणिक आधारित कार्यक्रम के आयोजन पर गहन चर्चा हुई। सभी ने कहा कि पुस्तकालय बरही का धरोहर है। इसको संरक्षित एवं विकसित करना हम सभी का दायित्व है। बैठक में पुस्. तकालय का रंग रोगन एवम सुंदर बनाने पर भी चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि पुस्तकालय के संचालन में 5000 रुपये से अधिक का दान देने वाले व्यक्ति का नेम प्लेट पुस्तकालय में लगाया जाएगा। अधिकतर लोगों ने सदस्यता अभियान चलाकर सदस्यों की संख्या बढ़ाने की बात कही। बैठक में आगामी छह मार्च को ट्रस्ट की प्रथम वर्षगांठ पर सांस्कृतिक प्रतियोगिता आयोजित करने पर सहमति बनी। इसमे गीत गायन, नृत्य एवं जीवन मे पुस्तकालय का महत्व विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। मौके पर लगभग 5000 रुपये की सदस्यता शुल्क जमा किया गया। बैठक में पुस्. तकालय संचालन को लेकर एक एडवाइजरी कमेटी बनाने पर जोर दिया गया। आगामी बैठक के लिए 26 फरवरी की तिथि निर्धारित की गई है। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष डॉ संजय वर्णवाल, महासचिव कृष्णा प्रजापति ,उपाध्यक्ष डा० संगीता चौधरी, महेंद्र दुबे ,शशि भूषण ,अयोध्या प्रजापति ,राजेंद्र प्रसाद रुखरियार, प्रो हीरामन साव, रोहित कुमार सिंह,आलोक कुमार वर्णवाल, कुंदन कुमार, मथुरा प्रसाद, दिनेश्वर प्रसाद यादव, डॉ सुनील कुमार दत्ता , रविकांत ओम, राजेंद्र प्रसाद आर्य ,संजय कुमार दुबे, मनोज घोष, सुधीर चंद्रा, अजहरुद्दीन, शोएब अख्तर ,सुरेश प्रसाद ,रामचंद्र यादव, सुधीर ठाकुर ,कार्यालय प्रभारी राज आर्यन उर्फ छोटी, सह कार्यालय प्रभारी प्रख्यात कुमार उर्फ सेतु, केयरटेकर शंभू माली जी उपस्थित थे।

## ग्रामीणों ने पेड़ो की रक्षा बंधन की




**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**

बरकट्ठा प्रखंड के गोरहर में जतवा बाबा जंगल में ग्रामीणों ने पेड़ों का रक्षाबंधन कर जंगल बचाने का संकल्प लिया,कार्यक्रम की अध्यक्षता वन रक्षा समिति अध्यक्ष का. र्तिक महतो व संचालन समा. जसेवी कुंजलाल महतो ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप जिप सदस्य प्रतिनिधि सह सांसद प्रति. निधि केदार साव ने संबोधित करते हुए कहा जंगल है तो जीवन है,एक पेड़ सौ पुत्र के बराबर है।पर्यावरण को बचाने के लिए इस तरह कार्यक्रम करना बहुत ही सराहनीय है। झामुमो नेता बासुदेव महतो ने कहा कि एकजुटता के साथ जंगल बचाने का प्रयास बहुत सराहनीय है।माले सचिव शेर मोहम्मद ने कहा कि जंगल बचाना सबसे बड़ी मानव सेवा है, मौके पर पैक्स अध्यक्ष बासुदेव महतो, देवनारायण महतो, भीमसेन महतो कैलाश महतो , तुलिया देवी, दसिया देवी, सुलेखा खातून, लोकेश्वरी देवी, अशोक महतो, लिलो महतो,महेश महतो, मकसुद अंसारी,कैलाश महतो,बंधन महतो,छोटन महतो, अनिल महतो समेत बड़ी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित एडिटरः सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

## बाल पंचायत के बच्चों ने चलाया स्कूल चलो अभियान

### पिछ्ले तीन दिनों के दौरान 154 बच्चों को स्कूल में नियमित करवाया गया

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**




गावां प्रखंड के सभी 17 ग्राम पंचायतों में गठित 120 बाल मित्र ग्रामों की बाल पंचायतों द्वारा इन दिनों स्कूल चलो अभियान के माध्यम से बच्चों एवम उनके माता – पिता से अपील की जा रही है कि लगभग दो साल के बाद स्कूल खुले हैं। अब आप लोग अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजना सुनिश्चित करें। बाल मित्र ग्राम मनी महोडर बाल पंचायत की मुखिया लडिला कुमारी ने बताया कि हम बच्चों ने संयुक्त रुप से मिलकर कोरोना को हराया है, अब हम लोग अशिक्षा को भी हराएंगे, बाल पंचायत के बच्चे स्कूल चलो अभियान के माध्यम से सभी बच्चों को पुनः स्कूल से जोड़ेंगे। ओड़पोडो बाल पंचायत की मुखिया बबिता कुमारी ने कहा कि हर बच्चे को स्कूल भेजने हेतू हम लोग यह शिक्षा जागरूकता अभियान चला रहे हैं। स्कूल न पहुंचने वाले बच्चों को चिन्हित कर उन्हें स्कूल जाने हेतू प्रेरित भी किया जा रहा है। स्कूल चलो अभियान अब तक बरमसिया, ओड़पोडो, हरदिया, बलथरवा, हरनी, ककमारी, सिरी, गदर, अमझर, पांडेयडीह मुसहरी, मनी महोडर सहित दो दर्जन गांवों में यह अभियान चलाकर 154 बच्चों को स्कूलों में नियमित करवाया जा चुका है। स्कूल चलो अभियान का नेतृत्व बाल पंचायत के बच्चे कर रहे हैं, इसमें ग्राम पंचायत के मुखिया, स्कूल के शिक्षक, आंगनवाड़ी से. विका, कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन के बाल अधिकार कार्यकर्ता भी सहयोग कर रहे हैं।

## बरही अनुमंडल में पुलिस मेंस एसोसिएशन का चुनाव सम्पन्न , 24 प्रत्याशियों ने लिया भाग

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



चुनाव में भाग लेते पुलिसकमह्न

झारखण्ड पुलिस मेंस एसोसिएसन के हज़ारीबाग़ जिले का चुनाव में बरही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में बने बूथ पर सम्पन्न हुआ । इस चुनाव में कुल अलग अलग पद के लिए 24 प्रत्याशियों ने भाग लिया । चुनाव के लिए बरही , बड़कागांव एवम हज़ारीबाग सदर में मतदान केंद्र बनाया गया , चुनाव सात पदो के लिए किया गया जिसमें सभापति , उपसभापति ,सचिव, कोषाध्यक्ष, संयुक्त सचिव, केंद्रीय सदस्य एवम अंकेक्षक का चुनाव किया जाएगा , बरही अनुमंडल अंतर्गत आने वाले जवानों में खासा उत्साह दिखा। चुनाव के मुख्य चुनाव पदाधिकारी अजय कुमार सिंह थे । चुनाव 10 बजे से 5 बजे तक चला। देर रात तक मतगणना के पश्चात परिणाम घोषित किये जायेंगे पूरी जानक. ारी बरही अनुमंडल कार्यालय में कार्यरत अभय प्रताप सिंह ने दिया ।

## भाजयुमो जिला कार्यसमिति के सदस्य नंदकिशोर मेहता के द्वारा ट्रांसफॉर्मर का किया गया उद्घाटन

**.अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागाँव प्रखंड के चोपदारबलिया पांचयत के गांगादोहर मे टांसफार्मर का उद्घाटन भाजपा युवामोर्चा के जिला कार्यसमिति सदस्य नदंकिशोर मेहता के द्वारा किया गया। वही नदंकिशोर मेहता ने आगे कहां कि बहुत दिनों से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण कितने घर अंधेरे में रह रहे थें ,बच्चे के पठन पाठन कार्य मे बहुत ही परेशानी हो रही थी। आगे उन्होंने बिजली विभाग के कर्मचारियों को धन्यवाद देते हूवे कहा कि बिजली विभाग के द्वारा ट्रांसफoर्मर दिए जाने से गांव के लोग काफी खुश थ` उन्होंने बहुत ही नेक काम किए हैं । इस मोके पर गांगा दोहर के ग्राम अध्यक्ष राजु कुमार मेहता जितेंद्र प्रसाद दांगी सचिव बालदेव कुमार बिजली विभाग मिस्त्री रोहित सोनी रोहित कुमार कौशल सुनिल कुमार विजनंदन प्रसाद व दर्जनों लोग ग्रामीण उपस्थित थे

## पौधरोपण कर पर्यावरण असंतुलन को संतुलित किया जा सकता है : कौशल किशोर

### कस्तूरबा विद्यालय बरसोत में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन



**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरसोत स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता एवम राष्ट्रीय अध्यक्ष विश्व ब्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने विद्यालय को औषधीय एवं फलदार पौधे उपलब्ध कराया। इसमे आम, कटहल, कपूर, सिंदूर एवं देवदार आदि पौधे शामिल थे। इन पौधों के रोपण के साथ साथ पर्यावरण के प्रति छात्राओं को जागरूक किया गया । सभी पौधों को विद्यालय परिसर में वार्डन नेहा कुमारी के नेतृत्व में रोपण किया गया। पौधरोपण कर्यक्रम में विद्यालय के छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर कौशल किशोर जयसवाल ने कहा कि। वे विश्व भर में अभियान चलाकर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए पौध रोपण के प्रति प्रेरित करते है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से ध्वनि प्रदूषण, जल प्रदूषण एवं वायु प्रदूषण बढ़ता जा रहा है। उससे पूरे वातावरण की प्रदूषित होने का खतरा बढ़ रहा है। इससे बचाव का एक मात्र उपाय है नए पौधों का पौधरोपण। पौधरोपण से पर्यावरण के असंतुलन को संतुलित करने में सहयोग मिलता है। वार्डन नेहा कुमारी ने कहा कि उनके विद्यालय में पर्यावरण के प्रति हमेशा छात्राओं को जागरूक किया जाता रहा है।। प्रत्येक छात्रा को पौधा लगाने एवं पौधे से होने वाले लाभ से अवगत कराया जाता रहा है।। स्कूल की बच्चियां हमेशा पर्यावरण के प्रति जागरूक रहती हैं। हर किसी विशेष पर्व त्योहार या महापुरूषों की जन्म. तिथि एवं पुण्य तिथि के अवसर पर पौधरोपण का कार्य करती है। साथ ही उनकी देखभाल भी करती हैं। मौके पर वार्डन नेहा कुमारी, शारिरिक शिक्षिका सुषमा टोप्पो, बिनोद महतो, अशोक माली, पिंटू प्रजापति सहित विद्यालय की छात्राएं मौजूद थीं।

## श्मशान घाट सेवा समिति का चुनाव दिनेश प्रसाद अध्यक्ष , पूर्व विधायक लोकनाथ महतो एवं डॉक्टर बालेश्वर महतो संरक्षक बनाए गए।

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बडकागांवः प्रखंड में शव जलाने को लेकर हो रही लकड़ी समस्याओं को देखते हुए बड़कागांव बैंक ऑफ इंडिया के समीप दिनेश प्रसाद अपार्टमेंट में श्मशान घाट सेवा समिति की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता जिला परिषद टुकेशवर प्रसाद एवं संचालन हेल्थ होम के प्रोपराइटर प्रवीण कुमार के द्वारा किया गया।बैठक में बड़कागांव प्रखंड के श्मशान घाटो में अंतिम संस्कार के दौरान शव जलाने में लकड़ियों की हो रही समस्याओं को दूर करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। उक्त आशय को लेकर कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से दिनेश प्रसाद को अध्यक्ष, सुभाष सिंह को सचिव एवं सुरेंद्र कुमार को कोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं पूर्व विधायक लोकनाथ महतो एवं किसान मेडिकल क्लिनिक के प्रोपराइटर डoक्टर बालेश्वर महतो को संरक्षक तथा विकास कुमार रंजन को मीडिया प्रभारी बनाया गया। समिति ने बताया कि बड़कागांव प्रखंड में किसी के परिवार मे मृत्यु हो जाने पर उन्हें लकड़ी प्रदान किया जाएगा और सभी श्मशान घाटों का जल्द ही सुंदरीकरण किया जाएगा। बैठक में जिला परिषद टुक. `शवर प्रसाद, समाजसेवी प्रवीण कुमार, मनोज गुप्ता, बिरेंद्र प्रसाद, राजू कुमार सोनी, संदीप कुशवाहा, चंदन सिंह, दिलीप कुमार, अभिषेक कुमार उर्फ बिट्टू, मीनू महतो, बैजनाथ महतो, सहेश कुमार, रवि जायसवाल ,तपेश्वर कुमार तापस,वैद्यनाथ महतो, मीडिया प्रभारी विकास रंजन चौरसिया, घनश्याम जायसवाल, मंजीत सोनी, रा. जेश कुमार श्रीवास्तव, मे. वालाल नाग, रामधनी विश्वकर्मा, रिंकू सोनी, धीरु सोनी यशवंत कुमार सिंह, पूर्व मुखिया विशुन रजक, अमल कुमार विश्वास, संजय सिंह, शंभू शाह, विक्रमादित्य ओझा, मिंटू जसवाल, आदि लोग उपस्थित थे।

## धोखाधड़ी, जालसाजी एवं रंगदारी मांगने के आरोप में चार पर प्राथमिकी दज

### गिरफ्तारी की मांग पहले एग्रीमेंट किया, बाद में मुकरा, पुलिस कर रही है जांच

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

कोनरा निवासी नबाब अली पिता स्व मकबूल अहमद ने धोखाधड़ी, जालसाजी एवं रंगदारी मांगने के आरोप में बरही थाना में चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में मो मुस्ताक, मो मुमताज दोनो पिता स्व अमीर अली, मो मंसूर पिता स्व मुराद अली एवं मो साहिल पिता मो मुस्. ताक सभी ग्राम तार बंगला पो बरही को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। दर्ज प्राथमिकी में नबाब अली ने बताया कि ग्राम कोनरा में खाता नंबर78 प्लॉट नम्बर 1273, 2424 एवं 1423 रकबा 3.60 जमीन मेरे पिता स्व मकबूल अहमद, महमूद मिया, सहदली मियां, रहीम मियां के नाम से भूदान यज्ञ कमेटी से प्राप्त हैं, जिसपर हमलोग चारो गोतिया का शांतिपूर्वक कब्जा था। लेकिन उपरोक्त नामजद आरोपियों के द्वारा मेरा एवं मेरे निजी गोतिया के हिस्से की 42 डिसमिल जमीन बेच दिया। इसको लेकर पंचायत भी हुई। जिसमें उपरोक्त लोगो ने गलती स्वीकार करते हुए अधिक बेचे गए जमीन के एवज में 15 लाख रुपये देने का एग्रीमेंट किया। लेकिन तय सीमा के अंदर राशि का भुगतान नही किया। जब 1 फरवरी को उक्त जमीन को समतलीकरण करवाने गए तो नामजद अभियुक्तों ने मारपीट करने लगे। साथ ही 15 लाख रुपये एवं 3 कट्ठा जमीन की रंगदारी के तौर पर मांगने लगे। आरोप है कि उक्त लोगो के द्वारा कभी भी अनहोनी घटना घटाई जा सकती है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

APEM LIVE

## RAINBOW SCHOOL BARHI

RAINBOW SCHOOL BARHI

UID NO. 20040117202

Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag

Contact Number- 8210966457,8863095445

(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)


ADMISSION OPEN NOW




Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

SALIENT FEATURES

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto X[th] Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26[th] Jan & 15[th] Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum









इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

——— डायरेक्टर (सिकंदर प्र० कुशवाहा) की कलम से





वादा नहीं विकास करेंगे...

जन-जन का सम्मान करेंगे...

बरही पश्चिमी से

पंचायत समिति प्रत्याशी पद हेतु

युवा, कर्मठ, जुझारू एवं ईमानदार

उम्मीदवार

कपिल प्रसाद केशरी

को अपना बहुमूल्य मतदान देकर भारी मतों से विजयी बनाएं...!

सोच हमारी विकास आपका



कपिल प्रसाद केशरी भावी पंचायत समिति प्रत्याशी, बरही पश्चिमी


## नवलेश सिंह बने एबीवीपी झारखंड के प्रदेश सह मंत्री

**अपेम लाइव : हजारीबाग**

**अमरजीत सिंह**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद 22वा प्रांतीय अधिवेशन बोकारो में संपन्न हुई, इस अधिवेशन में हजारीबाग जिले से पुनः प्रदेश सह मंत्री नवलेश सिंह को बनाया गया, और हजारीबाग के विभिन्न प्रकार के दायित्वों की घोषणा की गयी, जिसमे प्रदेश उपाध्यक्ष- सत्रुघ्न पांडेय सर, प्रान्त निजी विश्वविद्यालय कार्य



प्रमुख–अमित चोबे, प्रदेश खेल कूद प्रमुख–दीपक देवराज ,प्रदेश जनजातीय कार्य सह प्रमुख–मिलन मुंडा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य–रितेश यादव, रंजीत पांडेय, बाबुलाल मेहता, अनीश सिंह, प्रिंस राज, शुधांशु रंजन, धीरज प्रजापति का घोषणा हुई, हजारीबाग जिले के कार्यकर्ताओं ने सभी पदाधिकारियों को बधाई दिया है


THE MECHANICS

विक्रम बाइक रिपेयरिंग सेंटर

प्रो० – विकम कुमार

हमारे यहां सभी प्रकार का बाइक रिपेयर किया जाता है।



TVS Hero BAJAJ HONDA YAMAHA SUZUKI Lifelong ROYAL ENFIELD PIAGGIO Mahindra 2 Wheelers

पता : कोइली मोड़, रसोइया धमना | संपर्क सूत्र :– 6200723851

APEM LIVE

दिनांकः 19-02-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

पेज संः 04

## पुलिस के पोस्ता विनिष्टिकरन अभियान से

### गड़िया और आधा धवाईया एवं बिरबिरा कंगाल,पथेल,पचफ़ेडी और बघमरी सहित नीचे घाट के सभी गांव मालामाल

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



कान्हाचट्टी : पुलिस ने जब राजपुर थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पोस्ता विनिष्टिकरन अभियान चलाए तो थाना क्षेत्र के गड़िया,आधा धवाईया,बिरबिरा हो गया कंगाल, और पथेल,पचफ़ेडी,बघमरी सहित सभी गांव के किसान हो गए मालामाल।कुछ इसी तरह रा. जपुर और हंटरगंज वन क्षेत्र के लगभग चार से पांच हजार एकड़ पर अफीम माफ़ियाओ के द्वारा सफेद जहर रुपी अफीम (पोस्ता)का फसल लहलहा रहा है। लहलहा रहा पोस्ता का फसल अब कुछ ही दिन निकलने में बाकि है। पोस्ता के पौधे से निकलने वाले पोस्ता दूध निकलना शुरू हो जाएगा,कहीं कहीं पोस्ता का दूध निकलना भी शुरू हो गया है।सबसे ज्यादा हंटरगंज वन प्रमंडल के जोल्डिहा,सुरहुद,करामो,कुरखेता ,सहित अन्य जंगली क्षेत्रो एवं राजपुर थाना वन क्षेत्र के पथेल गांव के आठ टोले एवं गड़िया,धवाईया,बनियाबन्ध, सिकिद, एवं अमकुदर में सबसे बृहद पैमाने पर खेती की गई है।अब बस थोड़े समय मे ही पोस्ता का दूध निकाल कर अफीम के रूप में बाजारों में माफियाओ द्वारा भेजे जाने की तैयारी हो ही गई है। राजपुर थाना क्षेत्र और रा. जपुर वन क्षेत्र में पड़ने वाले जंगली इलाके में जंगल की जमीन पर लगभग दो से तीन हजार एकड़ जमीन पर अफीम के माफ़ियाओ ने पोस्ता की खेती कर रखी है।पोस्ता की खेती भी माफिया इतनी दिलेरी से कर रखे हैं कि वन विभाग भी मौन साध रखी है।लोगों का मानना है वह विभाग जो मौन है साधे हुए है निश्चित रूप से उसके पीछे कुछ न कुछ राज है।प्रत्येक वर्ष बड़े पैमाने पर पोस्ता विनष्ट करने का अभियान चलाया जाता है और इस वर्ष भी चलाया गया। सूत्रों की माने तो अब पोस्ता के फूल से दूध निकलना शुरू भी हो गया है और जो बाकी है वो भी आठ दस दिनों में पोस्ता के फूल से दूध निकलने लगेगा।

**पोस्ता का फूल है तैयार बस अब चीरा का है इंतजार रू–** पोस्ता का फसल अब लगभग तैयार है,पोस्ता में फूल भी लग आए हैं बस अब इंतजार है तो केवल पोस्ता के फूल में चीरा लगाने का,चीरा लगेगा और अफीम निकलना शुरू हो जाएगा। पोस्ता के फूल से राजपुर वन क्षेत्र के सभी गांवों के जंगलों में लाल और उजला फूल से जंगल मे मानो सरोवर में कमल खिला हो ऐसा लगने लगा है।पूरा जंगली क्षेत्र अफीम की सुगंध से सुगन्धित हो रहा है।

**लगातार दस वर्षो तक पोस्ता के पौधों से अफीम निकालने वाले हो जाते हैं नपुंसक :** पोस्ता की खेती लगातार करने वालो के लिए एक बुरी खबर यह है कि जो ब्यक्ति लगातार दस वर्षो तक पोस्ता के पौधें से अफीम निकालता है वैसे लोगो मे नपुंसकता आ जाती है।मर्दानगी ताकत का ह्रास होता है।यह कृषि विश्वविद्यालय के एक प्रोपेसर नए अपने शोध में कहा है।उन्होंने कहा है कि जो भी ब्यक्ति लगातार दस वर्ष तक अफीम की खेत मे काम करता है तो वैसे लोग नपुंसक हो जाते हैं।

**यूरिया ही पोस्ता के दूध को बनाता है नशीला :** पोस्ता की खेती करने वाले अपना नाम नहीं छापने के शर्त पर बताया कि पोस्ता की खेती केवल यूरिया खाद के भरौसे ही होता है।पोस्ता के दाना लगाने से लेकर बड़े होने तक मे कम से कम एक कळा में बीस से पच्चीस बोड़ा यूरिया खाद डाला जाता है और इसी यूरिया खाद के भरौसे पोस्ता से निकलने वाला दूध जो अफीम कहलाता है नशीला हो जाता है।

**कहाँ कहां लहलहा रहा है पोस्ता की फूल :** पोस्ता का फूल राजपुर थाना क्षेत्र के गड़िया,पथ ेल,बघमरी पचफेडी,बिरबिरा,धावैया,बनिया बान्ध,अमकुदर,सिकिद,कुराग, सहातू,बेंगोकला,रोपनीटांड, रमखेता,डुमरिया,कोटाप,हेमरा, लुटा, बीर लूटुदाग,तथा हंटरगंज एवं वशिष्ट नगर थाना क्षेत्र के जोल्डिहा,सुरहुड,गुबे,करामो,कुर खेता,आमुकातु,सहित अन्य जंगलों में पोस्ता की फूल लहलहा रहा है।

**जिला प्रशासन के पोस्ता के खिलाफ अभियान टांय टांय फीस होता नजर आ रहा है रू–** जब पोस्ता लगाने का समय आता है तो जिला प्रशासन खूब अभियान चलाने की बात कहती है और पोस्ता करने वालो पर कार्रवाई की बात करती है लेकिन इस बार जब राजपुर थाना क्षेत्र के विभिन्न जंगली इलाको में पोस्ता बड़े पैमाने पर लगाए गए है और अब पोस्ता के फूल से अफीम निकालने की तैयारी हो रही है तब भी अभियान जितनी बड़े पैमाने पर चलना चाहिए नही चल रहा है जिसका परिणाम है कि अफीम माफिया मालामाल हो रहे हैं।प्रत्येक वर्ष अफीम की खेती करने वाले लगभग सौ डेढ़ सौ लोगो पर वन विभाग एवं जिला प्रशासन एन डी पी एस एक्ट के तहत मुकदमा होता था लेकिन इस बार किसी ने भी मुकदमा दर्ज करने की जहमत नहीं उठाई है।

**राजपुर और हंटरगंज वन क्षेत्र के लगभग 4000–5000 एकड़ जंगली भूमि पर लहलहा रहा है पोस्ता की फूल रू–** राजपुर वन क्षेत्र एवं हंटरगंज वन क्षेत्र के विभिन्न जंगल की जमीन पर लगभग 4000–5000 एकड़ भूमि पर पोस्ता की फूल तैयार होकर लहलहा रहा है।लेकिन वह विभाग की टीम केवल अभियान चलाने के नाम पर खाना पूर्ति कर रही है।इतने बड़े पैमाने पर लगे पोस्ता को बर्बाद करना अब वह विभाग के बस की चीज नहीं रह गई है।हालांकि कहि कहि अभियान भी चलाई तो केवल खाना पूर्ति किया गया है।अभी भी राजपुर थाना क्षेत्र के पथेल, गड़िया,अमकुदर,सिकिद,बनिया बन्ध आदि जगहों पर इतनी मात्रा में पोस्ता के फूल लहलहा रहा है कि देखते ही बनता है।

## बधनवार विधायक बाबूलाल मरांडी पहुंचे गावां, शादी समारोह में हुए सामिल

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**

गावां, गिरिडीह : गांवा थाना क्षेत्र के गांवा में स्थित भा. जपा नेता गंगा यादव के सुपुत्र विकास यादव के विवाह समारोह में रविवार को नेता प्रतिपक्ष पूर्व मुख्यमंत्री सह धनवार विधायक बाबूलाल मरांडी शामिल हुए और शामिल होकर वर वधु को आशीर्वाद दिया एवं भोजन ग्रहण कर अपने पैतृक आवास कोदायबांक प्रस्थान कर गए। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष महादेव दुबे, सांसद प्रतिनिधि राम यादव, विधायक प्रतिनिधि मुन्ना सिंह, अजीत शर्मा, विशाल



पांडे, विशाल राणा समेत दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उप. स्थित थे।

## बड़ा बाजार यूथ विंग के द्वारा जरूरतमंद बच्चों को दी जाएगी मुफ्त शिक्षा

### हमारी विंग बहुत जल्द पुस्तक संग्रह केंद्र भी स्थापित करेगी : विशाल खण्डेलवाल

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**



हजारीबाग शहर के बड़ा बाजार यूथ विंग के द्वारा निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा एवं मानव सेवा हेतु बड़ा बाजार यूथ विंग का गठन किया गया सोमवार 21 फरवरी से बड़ा बाजार यूथ विंग के द्वारा हजारीबाग शहर के जरूरतमंद बच्चों को मुफ्त शिक्षा दी जाएगी।जो बच्चे मुफ्त शिक्षा का लाभ लेना चाहते हैं वह सीधा शिक्षक के मोबाइल पर संपर्क कर सकते हैं।प्रथम शिक्षक अमित कुमार सोनी मैकेनिकल इंजीनियर बी.आई.टी सिंदरी धनबाद 7749923500, वही दूसरे शिक्षक अकाश सिन्हा मैकेनिकल इंजीनियर बी.आई.टी सिंदरी धनबाद 8271328036 इनसे आप संपर्क कर जरूरतमंद लोग मुफ्त शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं।वहीं तीसरे शिक्षक गुंजन मद्धेशिया एम.बी.ए इन फाइनेंस 7903111944 मौके पर अध्यक्ष विशाल खंडेलवाल ने कहा कि शनिवार को हमारे विंग का गठन किया गया। जिसके पश्चात सोमवार 21 फरवरी से शिक्षक अमित सोनी, गुंजन मद्धेशिया और अकाश सिन्हा के द्वारा जरूरतमंद बच्चों को मुफ्त शिक्षा दी जाएगी। यह तीन शिक्षक के अलावा कोई अन्य शिक्षक भी अपना योगदान देना चाहते हैं तो वह अवश्य संपर्क कर सकते हैं। इस निम्न नंबर पर विशाल खंडेलवाल 8271527331, गुंजन मद्धेशिया 8797212105, रितेश खंडेलवाल 7488763755 से आप संपर्क कर सकते हैं।साथ ही कहा की हमारे विंग के द्वारा बहुत जल्द पुस्तक संग्रह केंद्र भी स्थापित किया जाएगा। मौके पर सचिव अमर विनायका ने कहा कि हमारी विंग हर माध्यम से लोगों को अपनी सेवा प्रदान करेगी। हमारा पहला पड़ाव मुफ्त शिक्षा है इसके बाद हम सभी बहुत जल्द मुफ्त चिकित्सा की सेवा भी जल्द प्रारंभ करेंगे।

## उत्पाद विभाग ने शनिवार को चलाई चलाई छापेमारी अभियान

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



शनिवार को गुप्त सूचना के आधार पर उत्पाद विभाग गिरिडीह द्वारा मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के बरहमोरिया, गपई, कोवाड़ में और पचम्बा थाना क्षेत्र के परसाटांड़ , कल्याणडीह में अवैध शराब बिक्री को लेकर छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी अभियान उत्पाद निरीक्षक अरुण कुमार पांडेय की अगुआई में चलाई गई। उत्पाद निरीक्षक अरुण कुमार पांडेय ने बताया कि विगत कुछ दिनों से अवैध शराब बिक्री की गुप्त सूचना मुफ्फसिल थाना क्षेत्र और पचम्बा थाना क्षेत्र से मिल रही थी जिसके आधार पर शनिवार को छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी के क्रम में मंगलम होटल, मंडल होटल, मां तारा लाइन होटल, यदुवंशी होटल गहन छानबीन की गई जिसमें किसी तरह का कोई शराब नहीं पाई गई। बरहमोरिया और गपई से पचास लीटर अवैध महुआ शराब और एक क्विंटल जावा महुआ बरामद किया गया साथ ही नीलकंठ मण्डल को गिरफ्तार किया गया है। अवैध शराब को लेकर छापेमारी जारी रहेगी। उत्पाद निरीक्षक अरुण कुमार पांडेय ने कहा कि अवैध शराब निर्माण और बिक्री की सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा साथ सरकार द्वारा घोषित इनाम राशि सूचना देने वाले को उत्पाद विभाग गिरिडीह उपलब्ध कराएगी। छापेमारी अभियान टीम में अजय सिंह, सुरेंद्र यादव, प्रदीप पांडेय, जयदेव प्रसाद यादव, नागेश्वर प्रसाद सिंह, रामवचन यादव सहित कई अन्य सहस्त्र बल



नीलकंठ मण्डल जिसकी गिरफ्तारी हुई है

## बाइक सवार ने जानवर को मारा घायल, रेफर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

èkks[kkèkM+h] tkylkth ,oa jaxnkjh



बरही गया रोड में स्तिथ ओवर ब्रिज के समीप एक बाइक सवार ने जानवर को अपने चपेट में ले लिया। जिसमे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार युवक का नाम सम्माद परवाज उम्र 25 वर्ष पिता पुनु अंसारी लातेहार का निवासी है। युवक बरही में रहकर काम करता था। हालाकि आस पास के ला. गो ने घायल युवक को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित | एडिटरः सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## बड़कागांव में शबरी जयंती 24 फरवरी को मंत्री सत्यानंद भोक्ता होंगे शामिल



**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव में 24 फरवरी को माता शबरी जयंती मनाने को लेकर अखिल भारतीय भुइयां समाज की अहम बैठक पंकरी बरवाडीह शिव मंदिर प्रांगण में की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष प्रभु राम एवं संचालन महावीर राम ने किया । जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मंत्री सत्यानंद भोक्ता एवं विशिष्ट अतिथि स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद ,झामुमो केंद्रीय सचिव संजीव कुमार बेदिया उपस्थित होंगे । जयंती को बेहतर ढंग से मनाने को लेकर कई प्रस्ताव पारित किए गए ।बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष प्रभु राम ,युवा अध्यक्ष नंद किशोर भुईया, सचिव महावीर भुईया, संजय भुइया, जिला संगठन सचिव बालेश्वर राम, दिलीप रामरामचंद्र भुईया, बैजनाथ भुइया , कारू राम, उमेश राम, मुकेश भुईयां, प्रेम भुईयां, खेमलाल भुईयां, रामवृक्ष राम, किन्नू राम, फूलेश्वर भुइयां, कार्तिक भुइया, सुरेश भुइया, सूरज भूइया , संजीत भुईयां ,जागेश्वर भुइयां, जितेंद्र राम ,सुजीत राम, कोलेजस्वर राम ,संदीप राम ,शंकर भुईयां, अशोक राम आदि लोग उप. स्थित थे।

## पूर्व विधायक ने जियाचक व बेढ़ना में प्रवचन मंच व बुढियाडाबर में किया जागरण का उदघाटन



**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशेर राणा**

बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने करमा पंचायत के जियाचक निवासी प्रकाश रजक के परिवार द्वारा आयोजित यज्ञ व झापा पंचायत के बेढ़ना निवासी सुरेंद्र पांडेय के मृतक माता जी के श्राद्ध कार्यक्रम में आयोजित प्रवचन मंच का ब्रहमोरिया पंचायत के जनार्धन यादव के मृतक पिता के श्राद्ध कार्यक्रम में आयोजित भक्ति जागरण मंच का विधिवत रूप से शुभारम्भ किया। मंच को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि प्रवचन में दिए जा रहे ज्ञान को अर्जित कर अपने जीवन मे उतारे ।कहा यज्ञ से आ. सपास के इलाके का वातारण शुद्ध होता है। डीएसपी केदार राम ने कहा कि यज्ञ से क्षेत्र में भक्ति का माहौल स्थापित होता है। जियाचक में मंच का संचालन प्रदीप चनद्रवंशी ने किया। इस दौरान मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, समाजसेवी दिनेश यादव, रामचन्द्र सिंह, राकेश रंजन, राकेश पांडेय, नारायण रजक, अनिल दांगी, सिकन्दर दाँगी, मंटू दाँगी सहित अन्य।

## वन प्रबंधन व संरक्षण समिति द्वारा बुढ़वा महादेव परिसर में सफाई अभियान चलाया गया

### बुढ़वा महादेव परिसर को साफ रखना हम सभी ग्रामीणों की जिम्मेवारी : वन प्रबंधन समिति

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव अंतर्गत काण्डतरी एवं पड़रिया वन प्रबंधन व संरक्षण समिति के द्वारा बुढ़वा महादेव परिसर में साफ सफाई का अभियान चलाया गया। बुढ़वा महादेव में झारखंड के हर कोने से लोग पूजा पाठ, शादी विवाह के लिए आते हैं। बुढ़वा महादेव में सावन पूर्णिमा में काफी भीड़ भाड़ रहता है, ऐसे तो हर दिन यहां लोग पूजा पाठ के लिए आते हैं, लेकिन सावन पूर्णिमा, शिवरात्रि पूजा, बसंत पंचमी में यहां लोग काफी संख्या में आते हैं। वन प्रबंधन एवं संरक्षण समिति के सदस्यों ने संयुक्त रुप से कहा कि लोगों के द्वारा प्ला. स्टिक के सामान, डिस्पोजल ग्लास, बोतल, फोम का दोना पत्तल का प्रयोग किया जाता है। जिससे पूरा बुढ़वा महादेव परिसर प्लास्टिक के वस्तुओं से भर जाता है। हम सभी सदस्य मिल कर परिसर को साफ सफाई करते हैं। बता दें बरसात के मौसम में यहां पूजा पाठ करने के लिए आने वाले भक्तजनों को वर्षा से बचने के लिए, इधर उधर भागना पड़ता है, जिससे लोगों को काफी दिक्कत होती है। इसलिए काण्डतरी वन समिति एवं पंडरिया वन समिति के सदस्यों ने एनटीपीसी कोल माइंस पंकरी बरवाडी से 10 शेड एवं 15 कूड़ेदान का मांग किया। आज के साफ–सफाई कार्यक्रम में खैरातरी, काण्डतरी, पडरिया के समा. जसेवी के अलावा दर्जनों ग्रामीणों ने सहयोग किया।

## जीवनदीप नर्सिंग होम में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**

विष्णुगढ़ हॉस्पिटल चौक स्थित जीवनदीप नर्सिंग होम में रविवार को प्रमोद मेडिकल की ओर से निःशुल्क एकदिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बड़ी संख्या में रोगियों को जांच की। चिकित्सकों में डॉ मयंक प्रताप ने नस एवं हड्डी रोग से संबंधित रोगियों की जांच की। डॉ निखिल आनंद ने हृदय, मधुमेह के अलावा सामान्य रोगों का उपचार किया। वहीं, स्त्री एवं प्रसूति रोगियों की जांच डॉ त्रिशला सिंह ने किया। चिकित्सक द्वारा सभी रोगियों के जांचोपरांत निःशुल्क दवाइयां भी दी गई। शि. विर में पहुंचे रोगियों ने कहा कि निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर से काफी सुविधा हुई है। इस तरह का आयोजन समय–समय पर किया जाना चाहिए। विष्णुगढ़ के अलावा कई दूरदराज इलाकों से भी बड़ी संख्या में रोगी जांच के लिए पहुंचे। शिविर आयोजन में प्रमोद मेडिकल के प्रोपराइटर प्रमोद सिंह, संजय कुमार बर्मन, रंधीर कुमार, दीपू अकेला, अमरकान्त मिश्रा आदि का अहम योगदान

## चौपारण के चार शिक्षको ने राँची में लिया एफएलएन का प्रशिक्षण

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**




चौपारण : नई शिक्षा नीति 2020 के तहत प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को मूलभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान में दक्ष करने हेतु निपुण भारत मिशन कार्यक्रम पूरे देश में चलाया जाना है स जिसके तहत मूलभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान वर्ग–तीन तक के बच्चों में स्थाई रूप से लाने के लिए प्राथमिक कक्षाओं में पढ़ाने वाले शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाना है स इसी के तहत चौपारण प्रखंड के चार शिक्षकों जनार्दन प्र0 वर्मा (म.वि.सेलहारा), उमेश कु0 सिंह (म.वि. भूषणडीह) ,अनुज कु0 वैद्य (उ.म.वि. बा. रहमोरिया) मो0 समदानी (उ. म.वि.दुरागढ़ा) को मास्टर ट्रेनर के रूप में चयनित कर 17 फरवरी से चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण हेतु झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद,राँची भेजा गया था स प्रशिक्षण प्राप्ति उपरांत शिक्षकों ने बतलाया कि जिस विद्यालय में 4 से ज्यादा शिक्षक हैं वहां के प्राथमिक कक्षाओं में पढ़ाने वाले 2 शिक्षक एवं जिस विद्यालय में 4 से कम शिक्षक हैं वहां के एक शिक्षक एफ.एल.एन.के नोडल शिक्षक बनेंगे एवं उन्हें प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण दिया जाएगा स प्रशिक्षण के दौरान पूर्व प्रा. थमिक शिक्षा से लेकर वर्ग 3 के बच्चों में मूलभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान को सुदृढ़ करने की रणनीतियों को सिखलाया गया स हिंदी, गणित एवं अंग्रेजी को सुग. मता पूर्वक बच्चों को सिखाने के तरीके, वर्गकक्ष को प्रिंट रिच बनाने,त्रिभाषा सूत्र लागू करने,मातृभाषा में शिक्षण को प्राथमिकता देने ,बाल केंद्रित शिक्षा, टीएलएम एवं गति. विधियों का अध्यापन के दौरान ज्यादा से ज्यादा समावेश करने,आकलन जैसी अन्य जानकारियां प्रशिक्षण के दौरान मिली स जेसीईआरटी के विशेषज्ञों सहित कई अन्य राज्यों से आए हुए विशेषज्ञ एवं कई स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी प्रशिक्षण देने में सहभागिता निभाई स



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूज़पेपर

## मुआवजा के लिए सड़क पर आए रैयत मुआवजा के नाम पर बरकट्ठा में जमकर घालमेल सीओ ने कहा जल्द होगा समाधान

### अबतक मुआवजा को लेकर अब तक संशय में है बरकट्ठा के रैयत



**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**

बरकट्ठा एनएच 2 सिक्सलेनिग फ्लाईओवर निर्माण से प्रभावित रैयतों को अब तक एनएचएआई द्वारा मुआवजा देने को लेकर अनिश्चितता बरकरार है ज्ञात हो बरकट्ठा एनएच 2 को सिक्सलेन फ्लाईओवर निर्माण में बड़ी संख्या में बरकट्ठा के रैयतों ने सिक्सलेन व फ्लाईओवर निर्माण से प्रभावित रैयतों के मुआवजा की मांग को लेकर एनएचएआई रिजिनल अ०फिसर मिश्रा जी, बरकट्ठा अंचल अधिकारी श्रीकांतलाल मांझी के समक्ष मुखिया बसन्त साव, केदार साव व दर्शन सोनी ने रखी साथ मे बड़ी संख्या में प्रभावित रैयत भी उपस्थित थे मौके पर राजकेशरी इंफ्रास्ट्रक्चर के पीएम शेखर झाम, लाइज. निंग ऑफिसर आर शुक्ला भी मौजूद थे एनएचएआई के रिजिनल ऑफिसर ने कहा सोमवार को रैयतों के प्रतिनिधिमंडल को हजारीबाग भुअर्जन में आकर अपनी बात रखने की बात कही ज्ञात हो दो वर्ष पूर्व एनएचएआई द्वारा प्रशासिनक दबाव में बरकट्ठा के रैयतों के दुकान मकान को तोड़ दिया गया मुआवजा के नाम पर आज तक एक फूटी कौड़ी नही मिली मिला तो सिर्फ आश्वाशन कुल मिलाकर कहा जाए तो बरकट्ठा के रैयतों को सिर्फ एनएचएआई व अधिकारियों द्वारा सिर्फ बेवकूफ व अंधेरे में रखकर काम किया गया आज हालात यह है कि रैयत मुआवजा की मांग के लिए किस अधिकारी से करे समझ मे नही आता है ध्यान रहे वर्ष 2018 में मुआवजा की बात कह कर रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के अधिकारी चन्दन ठाकुर व राजकेश्वरी के अधिकारी आर शुक्ला के द्वारा अंचल कार्यालय के द्वारा बोनाफाइट बनाकर एनएचएआई को दिया गया एनएचएआई के अधिक. ारियों द्वारा उस फाइल को ही गुम कर दिया गया इस सन्दर्भ में एनएचएआई की ओर से कोई प्रतिक्रिया अधिकारियों की नही मिल पाई।

क्या है समस्या -ज्ञात हो बरकट्ठा बाजार खाता संख्या 375 केशरहिद भूमि व रैयती खातों के रैयतों का मुआवजा भुगतान की कोई कारवाई नही हुई है इस पर एनएचएआई के द्वारा सांसद अन्नपूर्णा देवी व विधायक अमित यादव के समक्ष दुर्गा मंदिर परिसर में बरकट्ठा के ग्रामीणों को मकान का मुआवजा देने की बात कही थी वही इस संदर्भ में बरकट्ठा रैयतों का प्रतिनिधिमंडल के द्वारा हजारीबाग उपायुक्त कुमार आनन्द को आवेदन भी दिए जहां तुरन्त उपायुक्त के द्वारा तत्कालिक बरही एसडीओ कुमार ताराचंद को मामले को देखने की बात कही गई लेकिन आज तक मुआवजा देने या नही देने के विषय पर कोई बात नही बन सकी जबकि बरही चौपारण में सरकारी गैरमजरूआ भूमि पर बसे लोगो को स्ट्रक्चर का मुआवजा मिलना प्रारंभ हो गया है वही बरकट्ठा में अब तक मामला खटाई में है।मौके पर प्रमुख रूप से मुखिया गोपाल प्रसाद, जि. बलाल साव, बीरेंद्र सोनी, मो मिनहाज अहमद, सुरेश यादव, चन्दन कुमार, टुकलाल नायक, पीताम्बर नायक, सुरेश साव, जागेश्वर यादव, महादेव यादव, बिंदु सोनी, धनेश्वर यादव, शम्भू यादव,मो आबिद खां, धीरज गुप्ता, सदानन्द प्रसाद, मो कमाल खां समेत बड़ी संख्या में रैयत उपस्थित थे

## तिलैया डैम में डूबे युवक को दूसरे दिन भी नहीं निकाला जा सका

### बरही व बरकट्ठा विधायक बुलाया एनडीआरएफ की टीम, तालाश जारी

**अपेम लाइव चंदवारा**
**धीरज कुमार**





चंदवारा थाना क्षेत्र के जामुखाण्डी के निकट झील रेस्टुरेंट के पीछे तिलैया डैम में डूबे युवक को दूसरे दिन भी नहीं निकला जा सका। दूसरे दिन रविवार को रांची से आये एनडीआरएफ की टीम डैम में युवक की तलाश किया।लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिल सका। बता दें कि हजारीबाग जिला के इचाक थाना क्षेत्र के खेराकर्मा गांव निवासी बन्टी कुमार दास उर्फ विशाल दास उम्र लगभग 15 वर्ष पिता राजू दास अपने दो दोस्त राहुल दास व मिथलेश कुमार के साथ शनिवार की दोपहर करीब 12 बजे डैम में नहाने गया। जहां बन्टी कुमार दास उर्फ विशाल दास गहरी पानी में डूब गया था। शनिवार को स्थानीय गोताखोरों ने बंटी को डैम से निकालने का अथक प्रयास किया। लेकिन बंटी का कुछ पता नहीं चल सका। रविवार को घटना स्थल पर पहुंच कर बरही विधायक उमाशंकर अकेला व बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने घटना की जानकारी लिया और रांची के एनडीआरएफ की टीम से सम्पर्क कर उन्हें डैम में डूबे बंटी को निकालने के लिये बुलाया। जहां रविवार को एनडीआरएफ की टीम दिन भर बंटी का खोजबीन किया। लेकिन उन्हें शाम तक सफलता नहीं मिल सका। मौके पर माईका इंस्पेक्टर अवधेश सिंह, थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह व अंचलाधिकारी राम. रतन वर्णवाल, सरयू प्रसाद वर्मा, धानेश्वर ठाकुर, राज. कुमार यादव, अज्जू सिंह, अनवर खान, संजय दास आदि मौजूद थे।

## जमुआ के अंकुश बने गूगल बॉय

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



गिरीडीह जिला के जमुआ प्रखंड के एक गांव में रहने वाले अंकुश राज का दिमाग गूगल जैसा तेज हैं अंकुश छोटे क्लास के गुड इंग्लिश बुक के किसी भी प्रश्न का उत्तर बड़ा आसानी से देता हैं, यहां तक की गुगलब०य देश के प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, जानवरों ,सब्जियों/फलों के के नाम झट से सुना देते हैं ये गूगल ब०य। अंकुश की मां का कहती हैं ये बड़ा आसानी से किसी भी सुना हुआ चीज़ को याद कर लेते है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अंकुश राज का उम्र लगभग 20 माह हुआ हैं ।अंकुश की मां निशा भारती गृहिणी संभालती है,अपने भी एक कहावत सुनी होगी बाप एक नंबरी तो बेटा दस नंबरी,पिता अशोक यादव एक ट्रक ड्राइवर तो बेटा गूगल ब०य अशोक यादव ओडिश में रहते हैं। अंकुश के इस तेज़ दिमाग को और गति देती उसकी मां और दादी बना अंकुश की मां उससे खुद पढ़ाई को लेकर दिशा निर्देश देती हैं।अंकुश का शिक्षण खर्च उठाए हेमंत सरकार - माले अंकुश से मिलने पहुंचे जमुआ के माले नेता क०मरेड अशोक पासवान जानकारी के मुताबिक आज भाकपा माले के कार्यकर्ताओं ने गूगल ब०य के रूप में प्रसिद्ध बच्चा से मिलने कुबरी गांव पहुंचे बच्चे का इस अद्भुत निपुणता को देखते हुए भाकपा माले के जमुआ विधानसभा के लोकप्रिय नेता अशोक पासवान ने हेमंत सरकार से मांग किया कि इस बच्चे के सारे शिक्षण खर्च को अपने जिम्मेवारी में करें और बच्चे को आगे बढ़ने में मदद। मौके पर जमुआ प्रखंड सचिव रीतलाल प्रसाद वर्मा ,वीरेंद्र कुमार, वर्मा रंजीत यादव, अरुण वर्मा राजेश दास ,बाबूलाल महतो ,जितेंद्र शर्मा आदि उपस्थित थे।

## तेलोड़ीह- केन्दुआ सड़क को क्यों नजरंदाज कर रही शाशन- प्रशाशन : संजय यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



झारखंड राज्य के निर्माण के बाद सड़क की मरम्मत की बाट जोह रहे ग्रामीण, युवा दिलो के धड़कन समा. जसेवी संजय यादव ने बताया कि केंद्र एवं राज्य सरकार भले ही ग्रामीण सड़कों को मुख्य सड़क से जोड़ने की ढिंढोरा पीटती हो किंतु जमीनी सच्चाई कुछ और ही बयां कर रही है। बरही प्रखंड के तेलोडीह से केन्दुआ ग्रामीण सड़क आज इतनी जर्जर है की पैदल चलना भी लोगों का मुश्किल है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों की चुप्पी कई सवालों को जन्म दे रही है आखिर क्या मामला है कि वे इन सड़कों के उपर ध्यान नहीं दे रहे हैं। बरही प्रखंड के दुलमाहा पंचायत के अन्तर्गत आने वाला गांव तेलोडिह और केन्दुआ है। जिसकी लंबाई लगभग पौने दो कि.मी.है जो की प्रखंड मुख्यालय से पूरब- दक्षिण दिशा में स्थित है। श्री यादव ने जायजा लेते हुए बताया कि आज सड़क पैदल चलने लायक नहीं है। ये कई गांवों की मुख्य ग्रामीण सड़क करीब दो हजार लोगो की आबादी वाले लोगों को हर दिन भगवान का नाम लेकर चलना पड़ता है। इसे बनाने को लेकर सरकारी अफसरों एवं जनप्रतिनिधियों ने कोई दिलचस्पी नहीं ली जिस कारण गांव वाले नेता अफसर के नाम से चिढ़ते हैं। हैरानी की बात है की इन गांवों मे सर्वजातीय इलाका है। झारखंड राज्य बनने के बाद उन्हें लगा था कि उनके गांव की यह सड़क बन जाएगी लेकिन लंबे समय के बावजूद कोई भी प्रतिनिधि द्वारा सड़क बनाने की दिशा में कोई दिलचस्पी नहीं लिया जिससे लोगों में रोष व्याप्त है। यहां के लोग नेताओं के नाम से ही बिफर पड़ते हैं। ग्रामीणों का कहना है की सड़क बनाने के लिए कई बार आवेदन दिए आज तक कुछ नहीं हुआ . मौके पर राजेंद्र यादव दिलों यादव चंद्रदेव यादव राजेश यादव दिनेश पासवान अजय गिरी प्रिंस कुमार यादव श्याम लाल यादव जगन्नाथ यादव शिव कुमार यादव बालकी यादव कैलाश यादव राजेश यादव सुधीर यादव सूरज यादव दीपक यादव सुरेश यादव धर्म देव यादव इत्यादि लोग उप. स्थित थे

## भाकपा माले ने न्यू गिरिडीह रेलवे स्टेशन में स्पॉन्ज का रैक पॉइंट बनने से हो रहे प्रदूषण पर रोक लगाने की मांग की

### कहा : रैक पॉाइंट को अन्यत्र स्थापित करें या प्रदूषण के प्रावधानों का कड़ाई से करें पालन

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**

भाकपा माले की एक टीम ने आज न्यू गिरिडीह स्टेशन का दौरा कर वहां एफस. ीआई के अनाज के रैक प०इंट के साथ-साथ लौह अयस्क का भी रैक पॉइंट बना दिए जाने से उत्पन्न हुई प्रदूषण की गंभीर समस्या का जायजा लिया तथा इस पर अविलंब रोक लगाने की मांग की। टीम में शामिल भाकपा माले नेता राजेश यादव तथा राजेश सिन्हा ने इसे लेकर स्थानीय लोगों से भी बात की और कहा कि आयरन ओर का रैक पॉइंट बनते ही यहां प्रदूषण की समस्या गंभीर हो गई है। विडंबना यह है कि, जहां लोगों के खाने का अनाज उतरता है वहीं पर आयरन ओर के भी उतरने से प्रदूषण की स्थिति खतरनाक हो रही है। उन्होंने कहा कि, ऐसा लगता है आयरन ओर के रैक पॉइंट को लेकर निर्धारित मापदंडों का यहां पालन नहीं किया जा रहा, जिस कारण प्रदूषण की इतनी गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई है। लोगों का उधर से गुजरना या एफसीआई के अनाज को उतारकर यहां से ले जाना तक दूभर हो रहा है। कहीं-ना-कहीं नियमों का खुला उल्लंघन किया जा रहा है। इस पर रोक लगनी चाहिए। उन्होंने रेलवे सहित स्थानीय प्रशासन से भी इस मामले का संज्ञान लेने की मांग करते हुए कहा कि, या तो अनाज उतरने वाले इस रैक प्वाइंट से आयरन ओर के रैक प्वाइंट को हटाकर कहीं और स्थापित किया जाए, या फिर रैक प्वाइंट के लिए तय प्रदूषण रोकने के नियमों का पूरी कड़ाई से पालन किया जाए। अन्यथा प्रदूषण का शिकार हो रहे लोगों को लेकर उनकी पार्टी आंदोलन करने को बाध्य होगी।

APEM
LIVE

APEM
LIVE